कार्यालय मुख्य वन संरक्षक

वनवृत्त, बालाघाट, मध्यप्रदेश – 481001

Email- ccf.bgt@mp.gov.in, दूरभाष : 07632–241201 फैक्स : 07632–240268

क्रमांक / तक. कक्ष / 134 बालाघाट, दिनांक : 30 / 01 / 2024

प्रति,

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
(कक्ष भू–प्रबंध)
म.प्र., भोपाल

विषय :– बालाघाट जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (RCPLWE) के तहत बोदादलखा से धीरी मुरूम तक मार्ग निर्माण हेतु 16.65 हेक्टेयर वनभूमि मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, बालाघाट को उपयोग पर देने बाबत। (ऑनलाईन प्रकरण क्रमांक / FP/MP/ROAD/155629/2022)

संदर्भ :– आपका पत्र पृष्ठांकन क्रमांक / एफ–5 / 1256 / 2023 / 10–11 / 02 दिनांक 01.01.2024.

–0–

निवेदन है कि उपर्युक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में भारत सरकार के पत्र क्र. 6–एमपीआर 018 / 2023–बीएचओ दिनांक 27.12.2023 में उल्लेखित बिन्दु क्रमांक–03 तथा FRCM की मीटिंग दिनांक 12 जनवरी 2024 में प्रदत्त निर्देशानुसार स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन संलग्न सादर संप्रेषित है ।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

30/01/2024

(ए.पी.एस. सेंगर)
भा.व.से.
वन संरक्षक
वनवृत्त बालाघाट म.प्र.

Scanned with OKEN Scanner

स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन

बालाघाट जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (RCPLWE) के अंतर्गत बोदादलखा से धीरी मुरूम तक (प्रकरण क्रमांक/FP/MP/ROAD/155629/2022) सड़क निर्माण कार्य दक्षिण सामान्य वनमंडल, बालाघाट के अधीनस्थ वनपरिक्षेत्र पूर्व लांजी अंतर्गत प्रभावित आरक्षित वनकक्ष क्रमांक 331, 336, 337, 338, 327, 339, 340, 341A, 341B में लंबाई 18500 मीटर रकबा 16.65 हेक्टेयर वनभूमि प्रभावित हो रही है। प्रस्तावित सड़क मार्ग में आवेदित 16.65 हेक्टेयर वनभूमि के प्रकरण में मेरे द्वारा दिनांक 11.01.2024 को स्थल निरीक्षण किया गया है। स्थल निरीक्षण उपरांत पाया गया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (RCPLWE) के तहत बोदादलखा से धीरी मुरुम तक मार्ग की लंबाई 18500 मीटर तक निर्माण होने से वनग्राम धीरी के वनग्रामवासियों को लांजी आने के लिये धीरी से गातापार–रिसेवाड़ा होकर तहसील मुख्यालय लांजी तक 70 कि.मी. की दूरी तय करके आना पड़ता है। प्रस्तावित मार्ग के निर्माण होने से धीरी से लांजी तक की दूरी 35.00 कि.मी. रह जाती है।

जहाँ तक प्रस्तावित मार्ग की उपयुक्तता का संबंध है तो प्रस्तावित सड़क मार्ग का निर्माण नक्सल उन्मुलन की दृष्टि से उपयोगी है। उक्त मार्गो का उपयोग नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा पुलिस विभाग द्वारा सतत् सर्चिंग के लिये किया जाना है। उक्त मार्ग के निर्माण से आदिवासी क्षेत्रो में आवागमन भी सुगम होगा एवं साथ ही प्रतिवर्ष विदोहित की जाने वाली वनोपज की निकासी तथा वन विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को गस्ती करने में सुगमता होगी। प्रस्तावित सड़क मार्ग के निर्माण से जनहित एवं ग्रामीणों को आवागमन सुविधा, नक्सली नियंत्रण व उन्मूलन एवं क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दृष्टि से उपयुक्त है।

हालांकि वर्तमान में वनग्राम धीरी के ग्राम वासियों को तहसील मुख्यालय लांजी आने में 70 कि.मी. की दूरी तय करनी पड़ती है किन्तु प्रस्तावित मार्ग के निर्माण से इन ग्रामवासियों को लांजी मुख्यालय आने में केवल 35 कि.मी. की ही दूरी तय करनी पड़ेगी जिसका फायदा धीरी ग्राम के निवासीयों को चिकित्सा/शिक्षा/बाजार हेतु होगा तथा उनके समय एवं खर्च में भी कमी होगी। ऐसी स्थिति में उक्त नक्सल गतिविधियां नियंत्रण आदि में सुगम आवागमन एवं वन कर्मचारियों/अधिकारियों के वनभ्रमण में सुगमता के लिए उपयुक्तता के साथ–साथ उक्त ग्रामीणों को तहसील मुख्यालय लांजी में आवागमन में बहुत सहुलियत होगी इस लिये प्रस्तावित मार्ग का निर्माण किया जाना उपरोक्त सभी दृष्टि से उपयुक्त है।

30/01/2024

(ए.पी.एस. सेंगर)
भा.व.से.
वन संरक्षक
वनवृत्त बालाघाट म.प्र.

Scanned with OKEN Scanner